नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३८ से

## एक नजर में



### राष्ट्रपति मुर्मु ने लड़ाकू विमान राफेल में भरी उड़ान

**अंबाला.** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को वायु सेना के अंबाला स्टेशन से अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरी. इसे उन्होंने अविस्मरणीय अनुभव करार दिया और कहा कि उन्हें देश की रक्षा क्षमताओं पर गर्व है. राष्ट्रपति ने राफेल में लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय की. विमान ने समुद्र तल से लगभग 15 हजार फुट की ऊंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी. इसे 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी उड़ा रहे थे.

## गुस्ताखी माफ




# हत्यारोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर

- भाजपा नेता के हत्या के आरोपी गिरफ्तार
- घायल आरोपियों को अस्पताल में कराया भर्ती
- डेढ़ महीने पहले छेड़खानी के बाद हुआ था विवाद
- आरोपी ने चौराहे पर गोली मारने की दी थी धमकी



मृतक नीलेश रजक | आरोपी प्रिंस जोसेफ | आरोपी अकरम खान

**कटनी, 29 अक्टूबर. जिले के कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के दो आरोपियों को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें जबलपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है.**

एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने बताया कि कैमोर हत्याकांड के आरोपी अकरम खान और प्रिंस जोसेफ के कजरवारा में होने सूचना मिली थी. इसके बाद रात करीब 2 बजे पुलिस ने घेराबंदी की. आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाब में पुलिस की ओर से चार राउंड फायर किए गए. आरोपियों के पैर और हाथ में गोली लगी है.

उल्लेखनीय है कि आरोपियों ने मंगलवार ुबह करीब 11 बजे कैमोर में भाजपा के पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गोली मार दी थी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था. एसपी अभिनव विश्वकर्मा ने कैमोर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद चौबे और प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल को लाइन अटैच कर दिया था.

विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक ने बताया कि डीएवीवी स्कूल की एक छात्रा ने शिकायत की थी कि कोई मुस्लिम लड़का उनके साथ छेड़खानी करता है. नीलेश रजक उसे समझाने गए थे. उस दौरान विवाद और मारपीट हुई थी. मामला थाने पहुंचा था. दोनों पक्षों पर एफआईआर हुई थी काउंटर केस भी बना था. बाद में अकरम नाम के लड़के ने बोला था कि मैं तेरे को बीच चौराहे में गोली मारूंगा. डेढ़ महीने बाद उसने वारदात को अंजाम दिया.

### सीएम सख्त, टीआई और आरक्षक लाइन अटैच

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कटनी जिले के कैमोर में हुई घटना पर पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है. पुलिस ने बुधवार की सुबह दोनों आरोपियों को कजरवारा गांव से गिरफ्तार किया. पूरे मामले के बाद टीआई कैमोर अरविंद चौबे और पुलिस आरक्षक प्रेमशंकर पटेल को निलंबित कर पुलिस लाइन अटैच किया गया. डीआईजी अतुल सिंह, कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी और कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा पूरे समय विजयराघवगढ़ में मौजूद रहे और कानून व्यवस्था का जायजा लिया . मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया. इसी के साथ उन्होंने कटनी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए.

# 52 लाख विद्यार्थियों के खातों में आज राशि होगी अंतरित

- भोपाल के समत्व भवन में होगा कार्यक्रम
- सीएम डॉ. यादव छात्रों को देंगे 300 करोड़ रुपये

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 29 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार 30 अक्टूबर को 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रूपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे. यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन के सभागार में आयोजित होगा.**

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह भी मौजूद रहेंगे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्यार्थियों और जन-समुदाय को वर्चुअली संबोधित करेंगे. कार्यक्रम में समेकित छात्रवृत्ति योजना के पात्र विद्यार्थी जिला अथवा विकासखण्ड के विद्यालयों के समेकित छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे. जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में विधायक और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है.



# मैरीटाइम सेक्टर बढ़ा रहा ग्रोथ

### इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में पीएम मोदी ने कहा

**मुंबई, 29 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में शामिल हुए. पीएम ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में कहा कि 2016 में शुरू हुआ इंडिया मैरीटाइम वीक आज एक ग्लोबल इवेंट बन गया है. मैरीटाइम सेक्टर भारत की ग्रोथ को आगे बढ़ा रहा है.**

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में इससे ट्रेड और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिला है.आज इंडियन पोर्ट्स को डेवलपिंग दुनिया में सबसे



एफिशिएंट माना जाता है. कई मामलों में वे और भी बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं. उन्होंने ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता की. पीएम मोदी ने शिपिंग सेक्टर से जुड़े 2.2 लाख करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ किया और 12 लाख करोड़ रुपए के इंवेस्टमेंट एमओयू जारी किए. इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक हो रहा है.

# कैलाश की किस्मत चमकी, दो हीरे मिले

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 29 अक्टूबर.** रत्नगर्भा नगरी पन्ना में आए दिन रंक से राजा बनते देखे जा रहे हैं. एक सप्ताह के अंदर आज फिर एक व्यक्ति को एक साथ दो हीरे मिले. जिला हीरा अधिकारी डॉ. रवि पटेल से बताया कि हीरा खदान कृष्णा कल्याणपुर में अस्थाई हीरा खदान पट्टाधारी कैलाश कुमार तिवारी पिता मैयादीन तिवारी निवासी हिनौता को दो हीरे मिले हैं. पहले हीरे का वजन 1.56 कैरेट जो उज्जवल किस्म का है तथा दूसरा हीरा 1.35 कैरेट जो कि मैला किस्म का मिला.

# फसल खराब होने पर की आत्महत्या

- बारिश से फसल बर्बाद होने पर किसान था दुखी
- मृतक के परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**श्योपुर। जिले के सिरसोद गांव में बुधवार को एक किसान ने आत्महत्या कर ली, उसका शव खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान कैलाश मीणा के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। वे मुआवजे की मांग कर रहे थे।**

ग्रामीणों ने बताया कि कैलाश



मीणा ने करीब 9 बीघा में धान की खेती की थी। पिछले तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण खेत में लगी पूरी फसल सड़ने लगी थी। कीमती बीज, खाद और मेहनत से उगाई गई फसल के नुकसान से कैलाश काफी परेशान था। परिजनों ने बताया कि कैलाश घर से खेत के लिए निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसे खेत में एक पेड़ से लटका हुआ देखा। वे उन्हें नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने कैलाश को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया। प्रशासन और पुलिस अधिकारी जब एम्बुलेंस से शव गांव ले जा रहे थे, तभी श्योपुर कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे।

### मप्र विस का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से

**भोपाल, 29 अक्टूबर.** मप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से आहुत होगा, जो कि 5 दिसंबर तक चलेगा. पांच दिनी सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
फर्स्ट क्वालिटी-प्रीमियम मॉल
हमारा उद्देश सिर्फ एक
उचित रेट में माल देना, ग्राहक को लूटना नही।
सबके लिए एक रेट,
कोई कमीशन नही
किसी के बहकावे से बचे।
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368

